Daily COVID-19 Updates

10 July, 2020




COVID-19 Tracker
As on 10th July, till 8 AM
Confirmed Cases 793,802 (▲26,506)
Active Cases 276,685 (▲6,896)
Cured* 495,513 (▲19,135)
Deaths 21,604 (▲475)
No. of Cases
0 - 500
501 - 2000
2001 - 10000
10001 - 30000
20000+
Deaths
Statewise - Confirmed Cases (6000+)
MAHARASHTRA 230,599 (▲6875)
TAMIL NADU 126,581 (▲4231)
DELHI 107,051 (▲2187)
GUJARAT 39,194 (▲861)
UTTAR PRADESH 32,362 (▲1206)
KARNATAKA 31,105 (▲2228)
TELANGANA 30,946 (▲1410)
WEST BENGAL 25,911 (▲1088)
ANDHRA PRADESH 23,814 (▲1555)
RAJASTHAN 22,563 (▲500)
HARYANA 19,369 (▲679)
MADHYA PRADESH 16,341 (▲305)
ASSAM 14,032 (▲696)
BIHAR 13,944 (▲755)
ODISHA 11,201 (▲577)
JAMMU & KASHMIR 9,501 (▲240)
PUNJAB 7,140 (▲233)
KERALA 6,534 (▲339)
Previous Cases
Cases in Last 24 hrs
Cured vs. Deaths
127,259
9,667
78,161
1,765
82,226
3,258
27,718
2,008
21,127
862
12,833
486
18,192
331
16,826
854
12,154
277
17,070
491
14,510
287
12,232
634
8,726
22
9,816
115
7,407
52
5,695
154
4,945
183
3,708
27
Death
Cured
*One migrated case is included in Cured
*▲ indicates increase in the number in the last 24 hrs
@COVIDNewsByMIB

आत्मनिर्भर भारत का संकल्प

अपने राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना के बाद के भारत की मजबूत रुपरेखा देशवासियों के सामने रखी थी. कोरोना के कारण हुए आर्थिक नुकसान एवं आर्थिक ढांचे के चरमरा जाने के पश्चात सबके मन में यही सवाल था कि आगे भारत की आर्थिक नीति क्या होगी ? सरकार किन नीतियों का सहारा लेकर नई आर्थिक व्यवस्था को खड़ा करेगी. पिछले कुछ दिनों से स्वदेशी एवं आत्मनिर्भर भारत की चर्चा सबसे ज्यादा देखने को मिली. लिहाज़ा अटकलें लगाई जाने लगी थी कि अब सरकार इन्हीं नीतियों को अंगीकृत करेगी और हुआ भी यही. प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के नाम संबोधन में 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' की घोषणा की. इसके लिए प्रधानमंत्री ने 20 लाख करोड़ रूपये का अभूतपूर्व आर्थिक पैकेज देने का भी एलान किया. प्रधानमंत्री के इस ऐतिहासिक घोषणा से भारत के पारंपरिक उद्योग-धंधे जो आज नेपथ्य में दिखाई देते हैं पुनः तकनीकयुक्त होकर भारत को आत्मनिर्भर बनाने में पहली पंक्ति में नजर आएंगे. राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई महत्वपूर्ण बातें कहीं उसे भी समझना आवश्यक है. उन्होंने आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए पांच स्तंभों का जिक्र किया. इसमें अर्थव्यवस्था, इन्फ्रास्ट्रक्चर, सिस्टम टेक्नोलॉजी ड्रिवेन और डिमांड और सप्लाई की ताकत को इस्तेमाल करने की बात कही. अब इसी बुनियाद पर आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव सरकार रखने जा रही है. गौरतलब है कि सरकार एवं देशवासियों के दृढ विश्वास और आर्थिक पैकेज की संयुक्त शक्ति से ही हम पुनः एक नए भारत, आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकेंगे. आर्थिक पैकेज में ध्यान देने योग्य बात यह है कि यह किसी एक वर्ग अथवा केवल बड़े उद्योगपतियों के लिए नहीं है, बल्कि इस पैकेज में किसान, श्रमिक, छोटे व्यापारी सभी को शामिल किया गया है. यह कहना अधिक सुलभ रहेगा कि यह पैकेज संघर्षरत लघु, कुटीर एवं सूक्ष्म, गृह उद्योगों के लिए एक संजीविनी बूटी की तरह है, जिसका सीधा लाभ गाँव, गरीब और छोटे कस्बों के लोगों को होगा. इससे गाँव आत्मनिर्भर होंगे, जिसके परिणामस्वरूप देश का आत्मनिर्भर होना स्वाभाविक है. प्रधानमंत्री ने स्थानीय वस्तुओं कि महत्ता को समझाते हुए देशवासियों को लोकल

प्रोडक्ट खरीदनें एवं उसके प्रचार करने का भी आह्वान किया. अब भारत ने गुणवत्तायुक्त स्वदेशी आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम बढ़ा दिए हैं. सरकार का यह साहसिक संकल्प भारत के प्रत्येक नागरिक के संकल्प के रूप में देखा जाना चाहिए.

Positive India:

1. Coronavirus in India: देश में कोरोना संक्रमण का सामुदायिक प्रसार नहीं- डॉ. हर्षवर्धन- https://www.jagran.com/news/national-coronavirus-in-india-no-community-transmission-in-country-says-union-health-minister-harsh-vardhan-20495081.html

2. India Coronavirus News Updates: देश में कोरोना के 26,506 नए केस, 62.42 फीसद लोग हुए ठीक- https://www.jagran.com/news/national-india-coronavirus-news-updates-coronavirus-patients-in-india-is-close-to-8-lakhs-mark-20494746.html

3. मेघालय में कोरोना वायरस प्रतिबंधों का उल्लंघन करने पर लगेगा 500 रुपये का जुर्माना- https://www.jagran.com/news/national-rs-500-fine-for-violating-covid19-protocols-said-by-meghalaya-cm-20494985.html

4. नहीं पहना है मास्क तो बजेगा सायरन, मास्क डिटेक्शन मशीन रखेगी नजर- https://www.jagran.com/news/national-siren-will-ring-if-not-wearing-mask-in-office-20494581.html

5. शारीरिक दूरी की याद दिलाने को रेलवे इंजीनियर ने बनाया उपकरण, घड़ी के साथ हो जाएगा फिट- https://www.jagran.com/news/national-southern-railway-engineer-developed-a-device-in-pocket-to-remind-people-of-social-distancing-20493795.html

6. देश में अब तक 4,76,377 लोगों ने दी कोरोना को मात, रिकवरी दर हुई 62 फीसद से ज्यादा- https://www.jagran.com/news/national-so-far-more-than-4-lakh-people-in-the-country-beat-corona-recovery-rate-is-more-than-62-percent-20492777.html

7. देश में कोरोना मृत्यु दर गिरकर 2.72% हुई, कई देशों से काफी कम: स्वास्थ्य मंत्रालय- https://www.livehindustan.com/national/story-coronavirus-death-rate-in-country-falls-to-2-72-percent-much-lower-than-many-countries-health-ministry-3340504.html

8. वंदे भारत मिशन: 5.80 लाख से अधिक भारतीय स्वदेश लौटे- https://www.livehindustan.com/national/story-vande-bharat-mission-more-than-5-80-lakh-indians-returned-home-3339215.html

9. With Covid-19 Recoveries In 18 States, UTs Surpassing National Average, India's Recovery Rate Rises To 62.42 Per Cent- https://swarajyamag.com/insta/with-covid-19-recoveries-in-18-states-uts-surpassing-national-average-indias-recovery-rate-rises-to-6242-per-cent

India Fights Corona (Updates):

भारत में पिछले 24 घंटों में सर्वाधिक 26,506 नए मामले सामने आए और 475 मौतें हुईं। देश में अब कोरोना पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 7,93,802 है जिसमें 2,76,685 सक्रिय मामले, 4,95,513 ठीक/डिस्चार्ज/विस्थापित मामले और 21,604 मौतें शामिल हैं: स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

पुडुचेरी में कोरोना वायरस के मामलों की संख्या अब 1,272 है और कोरोना वायरस सक्रिय मामलों की संख्या 618 है: पुडुचेरी स्वास्थ्य विभाग

हिमाचल प्रदेश में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 1,141 है जिसमें 284 सक्रिय मामले, 833 ठीक हो चुके मामले और 9 मौतें शामिल हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

भारत में रोज 2,70,000 तक टेस्ट हो रहे हैं। हम सभी राज्य सरकारों को कह रहे हैं कि ज़्यादा से ज़्यादा टेस्ट करें। दुनिया में सबसे कम मृत्यु दर 2.72% होने के बाद भी हम राज्य सरकारों को लक्ष्य दे रहे हैं कि इसे 1% से कम लेकर आना है:केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ.हर्षवर्धन

आंध्र प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 1,608 नए मामले सामने आए हैं और 15 मौतें हुई हैं। राज्य में कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 25,422 है जिसमें 11,936 सक्रिय मामले हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

नागालैंड में कोरोना वायरस के 36 नए मामले सामने आए हैं, अब वहां कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 732 है।

बिहार में आज कोरोना वायरस के 352 नए मामले सामने आए हैं। राज्य में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 14,330 है जिसमें ठीक हो चुके 9,792 मामले शामिल हैं: बिहार सरकार

पिछले 48 घंटे में राज्य में पुलिसकर्मियों में कोरोना वायरस के 222 नए मामले सामने आए हैं और 3 मौतें हुई हैं। कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 5,935 है जिसमें 74 मौतें और 4,715 ठीक हो चुके मामले शामिल हैं: महाराष्ट्र पुलिस

लॉकडाउन के दौरान सभी आवश्यक सेवाएं जारी रहेंगी और कोरोना वॉरियर्स पर प्रतिबंध नहीं होगा। राज्य सड़क परिवहन निगम लोगों को रेलवे स्टेशन तक लाने और वहां से ले जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। इंटरनेशनल और घरेलू फ्लाइट्स पर भी प्रतिबंध नहीं होगा:यूपी,अपर सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी

बिहार में राजधानी पटना सहित दस जिलों में आज से लॉकडाउन शुरू

कोविड-19 से स्वस्थ होने की दर 62 दशमलव चार-दो प्रतिशत हुई

देश में अब तक 4 लाख 95 हजार 513 कोविड रोगी उपचार के बाद स्वस्थ हो चुके हैं। पिछले 24 घंटे में इस वायरस से 19,135 रोगी ठीक हुए हैं। स्वस्थ होने की दर 62.42% हो गई है।

तमिलनाडु में कोविड19 महामारी की स्थिति के आकलन के लिए गयी पांच सदस्यों की केन्द्रीय टीम आज मुख्यमंत्री ई.के. पलनीसामी से मिलेगी।

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में बढते कोरोना संक्रमण को देखते हुए आज शाम से 55 घंटे का प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। प्रतिबंध आज रात 10 बजे से 13 जुलाई सुबह पांच बजे तक लागू रहेगा।

मध्य प्रदेश में कोविड-19 के 409 नए मामले, संक्रमितों की संख्या बढ़ कर 16,036 हुई

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा स्थानीय उत्पादों को अधिक से अधिक प्रोत्साहन करने के आह्वान की सार्थकता

वर्तमान महामारी का समय अपने साथ कई अन्य प्रकार की समस्याएं भी लेकर आया है। कोरोना महामारी से बचाव के लिए अमल में लाए गए लॉकडाउन के कारण जीविका को बहुत नुकसान पहुंचा है। इसके संक्रमण से जिंदगी को बचाने के साथ आजीविका के बचे रहने की चुनौती भी है। आजीविका की चुनौती आज बीमारी के संक्रमण से शायद ज्यादा बड़ी हो गई है। देश के बड़े-बड़े अर्थशास्त्रियों को भी इसका समाधान खोजने में पसीने छूट रहे हैं। पिछले कई दशकों से एक ही ढर्रे पर चल रही अर्थव्यवस्था में व्यावहारिक बदलाव कर पाना बहुत मुश्किल हो रहा है। श्रम, उत्पादन और बाजार के आधार शहरों को हाईवे या एक्सप्रेस हाईवे से जोड़ती अर्थव्यवस्था की कड़ियां अब टूट रही हैं। इसलिए अब इनसे नीचे उतरकर उपयोगिता आधारित अर्थव्यवस्था के विकास से रोजगार और समृद्धि के नए सपनों को पूरा करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि झारखंड के जंगलों की पगडंडियां विकास के इस नए मॉडल के साथ इंतजार कर रही हैं। विकास भारती की स्थापना के साथ ही धरती रक्षा वाहिनी के प्रयोगों के माध्यम से यह महसूस हुआ कि झारखंड का हर गांव अर्थव्यवस्था की वैकल्पिक धुरी बनने की क्षमता रखता है। बड़ी बात यह कि इसके लिए निवेश और बाजार खोजने की भी जरूरत नहीं है। जंगलों के फल, फूल, पंखुड़ियों, पत्तों, जड़ों और छालों की उपयोगिता को समझ कर प्रकृति को बिना कोई नुकसान पहुंचाए उससे मांगने की आवश्यकता है। एक ओर जहां यह बाहर से भारी-भरकम खर्च पर आने वाले उत्पादों की आवश्यकता को कम कर खर्च की बचत करेगा, वहीं स्थानीय खपत का बाजार भी विकसित करेगा। यहां तक कि प्राकृतिक जीवनशैली को अपनाने की ओर अग्रसर हो रही दुनिया के लिए संसाधन का बड़ा स्रोत भी विकसित करेगा।

Source: https://www.jagran.com/editorial/apnibaat-meaningfulness-of-pm-modi-call-to-encourage-more-and-more-local-products-jagran-special-20490970.html



Prepared by:

Adarsh Tiwari

Abhay Singh

Manujam Pandey